# ऋषिकुल विद्यापीठ में बेबी शो धूमधाम से संपन्न

**सोनीपत(अमन अटकान):** ऋषिकुल विद्यापीठ में भव्य बेबी शो का आयोजन किया गया। इस वर्ष 500 की संख्या में नन्हें मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। इस शो में प्रतिभागियों को दो आयुवर्ग के अनुसार बाँटा गया था। पहला वर्ग था छह महीनें से 2 साल तथा दूसरा वर्ग 2 से 6 साल तक का था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ। बी० एल० क्युर अस्पताल के डाक्टरों ने 6 महीने से 2 साल तक के शिशुओं की जाँच की। इसके अन्तर्गत कुछ विशेष पुरस्कार जैसे हेल्दीपस्ट बेबी, मॉस चार्मिंग बेबी, यूयूटेस्ट बेबी, मॉस्ट्र फोटो जनिक दिए गए। दूसरे वर्ग की प्रतियोगिता में 2 वर्ष से 6 वर्ष के शिशुओं ने भाग लिया। इसमें बच्चों ने रेम्पवॉक, फैन्सी ड्रेस, नृत्य आदि में भाग लिया। अतिरिक्त गतिविधियों में कार्निवल बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। क्ले मॉडलिंग, आई पेड, पेंटिंग, आदि में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह उल्लेखनीय है कि यह शो हर वर्ष अपने उत्साह, भव्यता और रोचकता के कारण उत्कृष्टता का एक उदाहरण बन गया है। सभी प्रतियोगियों का उत्साह देखने योग्य था।सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया फिंसी ड्रेस में प्रथम गर्दिक द्वितीय दिविशा तथा विहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।। मोम एड किंड हे कार्यक्रम का उपस्थित सभी अभिभावकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के चेयरमैन एस० के० शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, गुलोबल डायरेक्टर अर्चना शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश कुमार, उपप्रधानाचार्य। कृति चौधरी तथा अन्य शाखा अधिकारियों ने ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## न्यूज डायरी

# ऋषिकुल विद्यापीठ में हुआ बेबी शो

**सोनीपत (वि)।** ऋषिकुल विद्यापीठ में बेबी शो का आयोजन किया गया। इसमें 500 बच्चों ने भाग लिया। शो में प्रतिभागियों को दो आयु वर्ग के अनुसार बांटा गया था। इस दौरान हेल्दीयस्ट बेबी, मॉस्ट चार्मिंग बेबी, क्यूटेस्ट बेबी, मॉस्ट फोटोजनिक पुरस्कार दिए गए। क्ले मॉडलिंग, आई पैड, पेंटिंग आदि में भी बच्चों ने भाग लिया। यह शो हर वर्ष मनाया जाता है। फैंसी ड्रेस में गर्विक ने पहला, विदिशा ने दूसरा और विहान ने तीसरा स्थान हासिल किया। मम्मी एंड किड शो का अभिभावकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, ग्लोबल डायरेक्टर अर्चना शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश कुमार, उप प्रधानाचार्य कृति चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मां के साथ बेबी शो में भाग लेता बच्चा। स्रोत : स्कूल